**भारत सरकार**
**नागर विमानन मंत्रालय**
**लोक सभा**
**लिखित प्रश्न संख्या : 606**
**गुरुवार, 06 फरवरी, 2025/17 माघ, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर**

**चंडीगढ़ हवाईअड्डे पर कनेक्टिविटी**

**606. श्री वरुण चौधरीः**

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या चंडीगढ़ विमानपत्तन पर घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय हवाई संपर्क बढ़ाने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) नवीकरण के बाद खाली/अप्रयुक्त पड़े पुराने टर्मिनल भवन का उपयोग न किए जाने के क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)**

(क) **:** मार्च 1994 में वायु निगम अधिनियम के निरसन के साथ ही भारतीय घरेलू विमानन क्षेत्र को पूरी तरह से विनियमन मुक्त कर दिया गया है। एयरलाइनें किसी भी प्रकार के विमान को अपने बेड़े में शामिल करने तथा बाज़ार और मार्ग चुनने के लिए स्वतंत्र हैं। अतः, किसी भी हवाईअड्डे से या वहाँ के लिए हवाई सेवाएँ आरंभ करने का निर्णय एयरलाइन की परिचालन और वाणिज्यिक व्यवहार्यता और उनकी नीतियों पर निर्भर करता है।

एयरलाइनों के अंतर्राष्ट्रीय परिचालन भारत और संबंधित देश के बीच द्विपक्षीय हवाई सेवा समझौते (एएसए) द्वारा संचालित होते हैं। एएसए के अनुसार, भारतीय नामित वाहक परस्पर सहमत क्षमता सीमाओं के अनुसार किसी भी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से/के लिए विदेशी गंतव्यों तक परिचालन करने के लिए स्वतंत्र हैं, जबकि कोई भी नामित विदेशी एयरलाइन भारत में किसी भी स्थान से/के लिए, यदि उसे एएसए में पॉइंट ऑफ कॉल के रूप में नामित किया गया हो, परिचालन कर सकती है। भारत में किसी भी स्थान से सीधी अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें आरंभ करना अनुसूचित एयरलाइनों का पूर्णतः व्यावसायिक निर्णय है, जो यात्री मांग, स्लॉट की उपलब्धता, मार्ग की आर्थिक व्यवहार्यता और अन्य संबद्ध कारकों पर आधारित है।

(ख) **:** चंडीगढ़ हवाईअड्डे पर नए टर्मिनल पर परिचालन आरंभ होने के साथ, पुराने टर्मिनल भवन का दूसरे विभिन्न प्रयोजनों जैसे भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की संचार, दिक्चालन और निगरानी (सीएनएस) सुविधाओं के लिए स्थान देने, इलेक्ट्रिकल, सिविल, वित्त, मानव संसाधन और अन्य प्रशासनिक कार्यों के लिए उपयोग किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, मेसर्स एनएसडीसी द्वारा संचालित मल्टी एविएशन ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, फरवरी 2018 से दिसंबर 2022 के दौरान पुराने टर्मिनल से प्रचालित किया गया।

******